गैरसैंण, सोमवार
4 मार्च 2024
वर्षः 14
अंकः 290 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल


डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## चमोली में भारी हिमस्खलन की चेतावनी, लोगों को सतर्क रहने की अपील

**चमोली।** प्रदेश के 2500 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तीन और चार मार्च को बर्फबारी के साथ हिमस्खलन की आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में भारी हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जिसके तहत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून की ओर से जिलाधिकारी को पत्र भेजकर लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी है।

जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा गया है कि डीजीआरई (डिफेंस जीओइंफीमेशन रिसर्च स्टेब्लिशमेंट) चंडीगढ़ की ओर से प्रदेश के 2500 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तीन और चार मार्च को बर्फबारी के साथ हिमस्खलन की आशंका है।

इसमें चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी को खतरे के लेवल चार में रखा गया है। परिचालन केंद्र की ओर से



बर्फबारी वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

इसके तहत दिन व रात को अपने नजदीकी क्षेत्रों में गिर रही बर्फ या हिमस्खलन की जानकारी लेते रहें। जरूरी न हो तो बर्फबारी वाले क्षेत्रों में आवागमन से बचें। बर्फीले क्षेत्रों में आवागमन के दौरान बर्फ फिसलने पर नजर रखें।

घरों, गौशालाओं व अस्थाई घरों की छत पर अधिक बर्फ जमा न होने दें, इसे समय–समय पर साफ करते रहें। किसी कारण से बर्फ पड़ने वाले क्षेत्रों में अस्थाई रूप से रह रहे हों तो निचले क्षेत्रों में चले जाएं। पुराने हिमस्खलन वाले क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतें।

### घनसाली की बासर पट्टी में अज्ञात चोरों के हौंसले बुलंद

**नई टिहरी(सं)।** बालगंगा तहसील के राजस्व क्षेत्र अमरसर के कई गांवों में विगत दिनों से चोरों के हौसले बुलंद हो रखे हैं। बासर पट्टी के मंदिर में चोरों ने शनिवार रात को कई घंटिया और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर लिया। इसके साथ ही गांव के मुख्य द्वार पर लगी घंटियां भी मौके से गायब मिली। समीप के गांव के पास में भी चोरों ने काली माता मंदिर में भी एक दर्जन से अधिक घंटियों के साथ मंदिर में रखी थालियां व तलवार भी चुरा ली।

### महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** श्रीनगर में शिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को नागेश्वर मन्दिर के महंत नितिन पुरी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि 7 मार्च को नागेश्वर मंदिर में शिवरात्रि से पहले रुद्राभिषेक,और शिव पुराण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 8 मार्च को महाभिषेक और चार पहर की पूजा की जाएगी जिसमें प्रथम पहर की पूजा सुबह 8 बजे, दूसरे पहर की पूजा 11 बजे, तीसरे पहर की पूजा 1 बजे और चौथे पहर की पूजा शाम 4 बजे की जाएगी।इसके बाद गोला बाजार होते हुए भगवान शिव की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में धामपुर से आयी कलाकारों की टीम मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। कहा कि नागेश्वर मन्दिर ऐतिहासिक शिव मन्दिरों में से एक है। मौके पर जितेन्द्र रावत,विजय रावल आदि मौजूद रहे।

### श्रीनगर में अंकिता के परिजनों का धरना जारी

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** दिवंगत अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अंकिता के परिजनों का धरना रविवार को भी जारी रहा। धरना दे रहे लोगों ने वीआईपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कहा कि जब तक मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तक तक धरना जारी रहेगा। नगर निगम चौराहे स्थित पीपलचौरी पर चल रहे धरने को डीएसओ, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी और एनएसयूआई छात्र संगठन ने समर्थन दिया है। धरने पर बैठे अंकिता की मां सोनी भंडारी और पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि जब तक उनकी बेटी के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होती तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। इस मौके पर आशीष नेगी, डीएसओ छात्र संगठन की रेशमा पंवार, मोनिका चौहान, शिवांगी सिंह, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) डा. मुकेश सेमवाल, राज्य आंदोलनकारी देवेंद्र फरस्वाण , राजेंद्र रावत, केडी थपलियाल, विजेता सेमवाल, अरुण नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### कालीमठ मोटर मार्ग पर कार के ऊपर गिरे पत्थर, चालक सुरक्षित

**रुद्रप्रयाग(सं)।** रविवार को गुप्तकाशी क्षेत्र के विद्यापीठ–कालीमठ मोटर मार्ग पर एक कार के ऊपर बड़ी मात्रा में पत्थर गिरने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कार में सवार चालक सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 8:30 बजे विद्यापीठ–कालीमठ मोटर मार्ग पर विद्यापीठ से 500 मीटर आगे कालीमठ मार्ग पर पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरे। इसी बीच सड़क से आवाजाही कर रही एक कार चपेट में आ गई जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में चालक किसी तरह बच गया और कोई भी जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है जिस तरफ चालक था उस तरफ पत्थर नहीं लगे जिससे चालक सुरक्षित बच गया।

### मां का रो–रोकर बुरा हाल, बोली– मैं बस अपने बेटे को वापस चाहती हूं, सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नौसेना कर्मी साहिल वर्मा मुंबई में भारतीय नौसेना के एक जहाज से लापता हो गए। साहिल वर्मा जम्मू के घो मन्हासा का रहने वाले हैं। उनके परिजनों का कहना है कि भारतीय नौसेना ने गुरुवार (29 फरवरी) को उन्हें बेटे के लापता होने की जानकारी दी।

इस मामले में परिजनों ने सीबीआई की जांच की मांग की है। सितंबर 2022 में साहिल वर्मा भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। परिजनों ने बताया कि आखिरी बार 25 तारीख को उनकी बात साहिल से हुई थी।

### बारिश के बाद बदरीनाथ हाईवे पर जगह–जगह आया मलबा, सात घंटे बंद रहा रास्ता

**पीपलकोटी/गोपेश्वर ।** लगातार हो रही बारिश से बदरीनाथ हाईवे कई जगहों पर बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। शनिवार रात को हुई भारी बारिश से हाईवे पागल नाला, टगणी और गुलबकोटी में करीब सात घंटे तक बाधित रहा। हाईवे पर भारी मात्रा में मलबा आने से लोगों ने परेशानी झेली। औली जा रहे पर्यटकों ने भी अपने वाहनों में बैठकर ही हाईवे के खुलने का इंतजार किया।शनिवार रात को क्षेत्र में भारी बारिश हुई। रविवार सुबह करीब पांच बजे वाहनों की आवाजाही शुरू हुई लेकिन पागल नाला में हाईवे बाधित होने से वाहनों के पहिए थम गए। यहां हाईवे पर आया मलबा दलदल में तब्दील हो गया था।सुबह करीब सात बजे एनएचआईडीसीएल ने जेसीबी मशीन से मलबा हटाने का काम शुरू किया। दोपहर में करीब बारह बजे हाईवे से मलबा हटाया जा सका, जिसके बाद आवाजाही शुरू हो पाई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी ने बताया कि हाईवे को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।बारिश के बीच पांडुकेश्वर में हाईवे पर हाल ही में लगाया गया पुश्ता भरभराकर टूट गया। जिससे पांडुकेश्वर गांव को भूस्खलन का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बीआरओ से शीघ्र इस स्थान पर सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान बबीता देवी ने बताया कि पुश्ते से पत्थर छिटककर गांव की ओर आ रहे हैं। साथ ही सड़क से जुड़े घरों को खतरा पैदा हो गया है। यहां पर करीब 10 मकान बने हुए हैं। बीआरओ से यहां पर जल्द ट्रीटमेंट कार्य शुरू करने को कहा गया है, जिससे भूस्खलन बंद हो सके।

### कांकेर के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद, एक नक्सली ढेर



**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुयी, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक आरक्षक शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के अनुसार आज छोटेबेठिया पुलिस थाने के तहत हिदुर गांव के पास एक जंगल में उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। हिदुर जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया। राज्य पुलिस की इकाई बस्तर फाइटर्स के जवान रमेश कुरेठी मुठभेड़ में शहीद हो गए। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव और एक एक के 47 गन बरामद किया गया है। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। बताया जा रहा है कि शहीद जवान रमेश कुरेठी कांकेर जिले के पखांजुर के संगम गांव के निवासी है।

## लालू ने खेल दिया हिंदू कार्ड, पीएम मोदी को हिंदू मानने से किया इन्कार, राजद अध्यक्ष ने उदाहरण भी बताए

**पटना, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी अबतक हिंदू कार्ड खेलने के लिए जानी जाती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सनातन धर्म का संरक्षक बताती रही है। लेकिन, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दोनों मोर्चों पर अब लड़ाई छेड़ दी है। रविवार को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली को संबोधित करते हुए लालू ने कहा कि पीएम मोदी तो हिंदू ही नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह–यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार में आए थे तो उन्होंने बिना नाम लिए परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर हमला बोला था।

लालू प्रसाद ने कहा कि "मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज हर पिछड़ा वर्ग, दलित, वंचित और गरीब सत्ता के दरवाजे पर खड़ा है। यह नरेंद्र मोदी क्या चीज है? यह मोदी आजकल



परिवारवाद पर हमला कर रहे हैं। आप बताओ न, आपको क्यों नहीं संतान हुआ? ज्यादा संतान होने वाले लोगों को बोलता है कि परिवारवाद है। परिवार के लिए लड़ रहा है। आपके पास परिवार नहीं है और आप हिन्दू भी नहीं हैं। जब आपकी माताजी का देहावसान हो गया तो हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है। आपने क्यों नहीं छिलवाया? यह बताओ।"

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पीएम पर हमला कायम रखा। बोले– "देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया।

### केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठकः पीएम की अध्यक्षता में हुआ विकसित भारत के रोडमैप पर मंथन, दिए अहम निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस दौरान बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इसे प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद के साथ अंतिम बैठक माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में 'विकसित भारत 2047' के लिए विजन डॉक्यूमेंट और अगले पांच वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर मंथन किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मई 2024 में नई सरकार के गठन के बाद योजनाओं पर तत्काल कदम उठाने के लिए सौ दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा की गई। विकसित भारत के रोडमैप को तैयार करने में दो साल से ज्यादा का समय लगा। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाजा और वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक चर्चा और युवाओं के विचारों व सुझावों को शामिल किया गया। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर 2700 से ज्या दा बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए।

## राजभवन में चल रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव का हुआ समापन, राज्यपाल ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

**देहरादून(सं)।** राजभवन देहरादून में तीन दिन तक चले वसंतोत्सव–2024 का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रविवार को समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का खूब आनंद लिया। वसंतोत्सव–2024 में इस वर्ष की चल वैजंती (रनिंग ट्राफी) ओएनजीसी को मिली।

इस वर्ष ओएनजीसी को 5 श्रेणियों में, आईआईटी रूड़की को 4 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 53 उपश्रेणियों में 153 पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया।

वसंतोत्सव–2024 समापन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों के बावजूद इस वर्ष पुष्प प्रदर्शनी में लोगों का उत्साह अभूतपूर्व रहा। उन्होंने कहा कि भारी




संख्या में लोगों ने इस पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर वसंत के इस उत्सव को जन–जन का उत्सव बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि इन तीन दिनों में राजभवन के चारों ओर हर्ष व उल्लास का वातावरण था, जिसमें लगभग 3 लाख लोगों ने वसंतोत्सव में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से हम संकल्प से सिद्धि और फूलों से समृद्धि के मंत्र को साकार करने में सफल हुए हैं।राज्यपाल ने कहा कि पुष्पों से अर्थव्यवस्था में वृद्धि और निश्चित ही समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्टॉलों में महिलाओं की भागीदारी से इस महोत्सव को और भी बेहतर बनाया है। उत्तराखण्ड के पुष्पों ने लोकल से ग्लोबल तक एक अलग पहचान बनायी है। समापन समारोह में राज्यपाल ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों तथा प्रदर्शनी के मुख्य आयोजक उद्यान विभाग, संस्कृति विभाग सहित सभी सहयोगी विभागों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस वसंतोत्सव–2024 में लोगों ने रिकॉर्ड भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव प्रकृति से जुड़ने की ओर हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं औद्यानिकी को बढ़ावा देकर किसानों की आय दुगना करने हेतु प्रयासरत हैं। चारधाम यात्रा में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह उत्सव और भी भव्य रूप लेगा। वसंतोत्सव में सायंकालीन सांस्कृति संध्या में संस्कृति विभाग के कलाकारों ने लोकनृत्य और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया।

पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव स्वाति एस। भदौरिया, निदेशक उद्यान दिप्ति सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो। सुरेखा डंगवाल, निदेशक, संस्कृति बिना भट्ट सहित अनेक गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में प्रदर्शनी में आये दर्शक भी उपस्थित थे।

## चीन–पाक हमसे बेहतर, युवाओं को कमजोर ट्रेनिंग देकर मोर्चे पर भेज रही मोदी सरकारः राहुल गांधी

**पटना , एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में चल रही महागठबंधन की जन–विश्वास महारैली के दौरान युवाओं की बड़ी तादाद देखकर कांग्रेस के नंबर वन नेता राहुल गांधी ने अग्निवीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर ऐसे सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर सकेंगे। न जीते जी सुविधा मिलेगी और न शहीद होने पर सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन अग्निवीरों को छह



महीने की ट्रेनिंग देकर चीन–पाकिस्तान की मजबूत सेना के सामने भेज रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है? इस देश में नफरत की जगह नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण अन्याय है। युवाओं, किसानों, गरीबों के खिलाफ अन्याय है। मोद जी केवल दो तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उनके लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए। किसानों के कर्ज क्यों नहीं माफ किए जा रहे हैं? एक उद्योगपति के हाथ में हिन्दुस्तान के बंदरगाह, रेलवे, रक्षा को पकड़ा दिया है। हिन्दुस्तान में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासियों की आबादी 73 प्रतिशत है। अब देखिए 73 प्रतिशत में हिन्दुस्तान की बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालइए, इसमें से एक भी आदमी इस वर्ग का आपको नहीं मिलेगा। बड़े–बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इन 73 प्रतिशत से एक भी इन वर्गों का नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक सेक्टर में गरीबों को नौकरी मिल जाती थी। मगर नरेंद्र मोदी ने सारे रास्ते बंद कर दिए।

राहुल गांधी ने कहा– "पीएम मोदी ने जनता के विरोध के बावजूद सेना में अग्निवीर लागू कर दिया। पहली बार इस देश में दो तरीके के शहीद होंगे।

### अभिनेता पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से किया इनकार

**कोलकाता, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार भोजपुरी अभिनेता एवं गायक पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से रविवार को इनकार कर दिया। पवन सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह कुछ कारणों से आगामी संसद चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा, "मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी ने मुझ पर भरोसा किया और मुझे आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया।

### 'मोदी जी को मेरे कुछ शब्द पसंद नहीं आए...' टिकट कटने की बात पर बोलीं सांसद प्रज्ञा ठाकुर

**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची शनिवार को जारी की। इसमें एमपी में 29 में से 24 प्रत्याशियों को टिकट दिया गया है। भोपाल में प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत 6 सांसदों के टिकट काटे हैं। टिकट कटने के बाद सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का रिएक्शन सामने आया है। भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने रविवार को मीडिया से टिकट कटने की सवाल पर कहा कि मैंने 2019 में भी टिकट नहीं मांगा था। अब भी नहीं मांगूंगी। मुझे टिकट कटने का कोई अफसोस नहीं है।



मेरा लक्ष्य भारत को विश्वगुरु बनाना है। सांसद ने कहा कि हो सकता है कि मैंने कुछ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर लिया जो मोदी जी को पसंद नहीं आए हों।

## मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग के 350 कार्मिकों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**देहरादून(सं)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पंचायती राज विभाग के 8 सहायक लेखाकारों तथा 342 ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। सहायक लेखाकारों का चयन लोक सेवा आयोग तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों का चयन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित कार्मिकों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियुक्ति पाने वाले लेखाकार एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्राथमिक इकाई ही नहीं इसकी नींव के समान है। पंचायती राज व्यवस्था जितनी सशक्त होगी हमारा लोकतंत्र भी उतना ही मजबूत होगा, तभी सुराज की परिकल्पना भी साकार हो सकेगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की परेशानी, उसकी शिकायत को सरकार तक पहुंचाने और सरकार द्वारा किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार खुद चल कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, उसको सशक्त बना कर विभिन्न योजनाओं का




लाभ दिला रही है। आज चाहे, एलपीजी गैस कनेक्शन हो, बिजली कनेक्शन हो, पानी कनेक्शन हो, स्वच्छ भारत अभियान के तहत इज्जतघरों का निर्माण हो या अन्य योजनाएं हों, सरकार की प्रत्येक योजना के केंद्र में समाज का वंचित वर्ग भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चलने वाली सरकार में वंचितों की आवश्यकताएं पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि हम निरंतर यह प्रयास कर रहे हैं कि विकास केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लोगों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन पूर्व में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तथा विकास की दृष्टि से गांवों को सबसे निचले पायदान पर रखा गया और गांवों के लिए जो पैसा भेजा जाता था, वह वहां तक नहीं पहुंच पाता था, परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया। सरकार ने जन–धन योजना चलाई, देशभर में गांव के 50 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खुलवाए, पोस्ट ऑफिस का उपयोग कर गांवों तक पोस्ट ऑफिस पेमेंट बैंक की पहुंच बनाई तथा आज इसका प्रभाव देश के हर गांव में नजर आ रहा है। योजनाओं का पैसा सीधे लोगों के खाते में जा रहा है।

◆ ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को बताया लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव
युवाओं से किया गांवों के विकास के लिये समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान ◆ विकसित उत्तराखण्ड हम सबका सामूहिक लक्ष्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए हर वह कार्य कर रही है, जो पूर्व में इच्छाशक्ति के अभाव में नही हो पाये। उन्होंने कहा कि अगर हमारे युवा अपने गांवों के उत्थान की भावना के साथ गांवों के विकास के लिए समर्पित रहेंगे, तो गांवों के विकास में कोई भी बाधा नहीं आ सकती है। उन्होंने कार्मिकों से अपील की कि आप गांवों को अपना घर समझकर कार्य करें, ताकि गांवों के विकास को पंख लग सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का अभाव था, परन्तु हमने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने का कार्य किया तथा राज्य में देश के सबसे कठोर "नकल विरोधी कानून बनने के बाद पारदर्शिता के साथ ही अब समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं संपन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि यह नकल विरोधी कानून का ही प्रतिफल है कि हम हर रोज अलग अलग विभागों में योग्य युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ कर जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। आज उत्तराखंड विकास और विश्वास के अभूतपूर्व माहौल में, जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। विकसित उत्तराखंड का लक्ष्य हम सभी का सामूहिक लक्ष्य है और इसे सामूहिक प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के सभी युवाओं से अपील की कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे "विकल्प रहित संकल्प" की पूर्ति के लिए किये जा रहे प्रयासों में सहयोगी बनें।

इस अवसर पर निदेशक पंचायती राज निधि यादव ने पंचायती राज विभाग की कार्ययोजना की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, अपर सचिव पंचायती राज आलोक कुमार पाण्डेय, संयुक्त निदेशक आर. के. एन. त्रिपाठी, उप निदेश-ाक मनोज कुमार तिवारी, नोडल अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, नवनियुक्त कार्मिकों सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीनगर में गुलदार की दहशत बरकरार

**श्रीनगर गढ़वाल(सं)।** नगर में लगातार गुलदारों की चहलकदमी से भय का महौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम लगातार गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही है। विभाग द्वारा गुलदार को कैद करने के लिए पांच जगहों पर पिंजरे लगाये गये हैं। बीते शनिवार को दो अलग–अलग जगहों पर गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद हुई है। डांग क्षेत्र में दो गुलदार एक के बाद एक दिखाई दिये हैं,जबकि श्रीकोट में मिठाई की दुकान के पास एक आवासीय भवन में गुलदार की चहलकदमी दिखाई दी। स्थानीय निवासी व्यापार सभा डांग के अध्यक्ष सौरव पांडेय ने कहा डांग में गुलदार की चहलकदमी लगातार देखी जा रही है,जिस स्थान पर गुलदार दिखाई दिया उस स्थान पर लाइट की व्यवस्था तक नहीं है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में नगर निगम प्रशासन को बता दिया गया है। वन विभाग नागदेव रेंज के रेंजर ललित मोहन नेगी ने बताया गुलदारों को कैद करने के लिए अलग–अलग स्थानो पर पांच पिंजरे लगाये है। कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त की जा रही है।

# सम्पादकीय

## सबूतों से छेड़छाड

मनीष सिसोदिया को जेल में बंद हुए 26 फरवरी को एक साल हुआ। वे धन शोधन कानून की जिस धारा के तहत गिरफ्तार हुए हैं उसमें दोषी होने पर अधिकतम सात साल की सजा होती है। लेकिन बिना सुनवाई के ही वे एक साल से जेल में बंद हैं। अगर किसी तरह से वे बरी हो गए तो क्या होगा? जेल में बिताया गया उनका समय कौन लौटाएगा? केंद्र की सर्व शक्तिशाली एजेंसी कह रही है कि जमानत दे दी तो वे सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। सवाल है कि अब कौन सा सबूत बाहर बचा हुआ है, जो ईडी ने जब्त नहीं कर लिया है? जिनको आरोपी के तौर पर गिरफ्तार किया था उनको सरकारी गवाह बना लिया गया है और सारे सबूत दो केंद्रीय एजेंसियों– सीबीआई और ईडी के कब्जे में हैं। फिर भी एजेंसियों को लग रहा है कि सिसोदिया सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे, गवाहों को प्रभावित करेंगे और उससे भी हैरानी की बात यह है कि अदालतों को इस परीकथा पर यकीन भी है। देश की सवोच्च अदालत ने सिसोदिया का मामला सुनते हुए एजेंसियों से कहा था कि सबूत लाएं नहीं तो यह केस सुनवाई के दौरान एक मिनट नहीं टिकेगा। फिर भी उनको जमानत नहीं मिली। पर सिसोदिया का जीवट देखिए कि वे न तो सरकारी गवाह बने और न भाजपा की सदस्यता लेकर अपनी जान बचाई। सोचें, उनका बेटा बाहर रहता है और पत्नी की तबियत बहुत ज्यादा खराब है। अदालत के आदेश से उनको अपनी बीमार पत्नी से मिलने का मौका मिलता है। फिर भी उन्होंने जमानत के लिए या अपने मुकदमे में राहत के लिए कोई समझौता नहीं किया। इसी तरह संजय सिंह को धन शोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। लेकिन सारा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है। उनको चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। वे भी पांच महीने से जेल में हैं। उनकी जमानत का भी विरोध इस आधार पर है कि वे बाहर आए तो सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे और गवाहों को प्रभावित करेंगे। इस लिहाज से कह सकते हैं कि देश की सबसे बड़ी समस्या गवाहों और सबूतों की सुरक्षा का है। अगर केंद्र सरकार की ताकतवर एजेंसियों को यह खतरा घेरे रहता है कि उसके पास जो सबूत हैं या उसके जो गवाह हैं उन्हें प्रभावित किया जा सकता है तो फिर ये एजेंसियां किस बात की ताकतवर हैं? दुनिया के किसी भी सभ्य देश में ऐसा नहीं होता है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी की हैसियत के हिसाब से बॉन्ड जमा करा कर जमानत दी जाती है और जल्दी से जल्दी सुनवाई पूरी करके फैसला होता है। भारत में सबूतों और गवाहों की सुरक्षा के एक लचर तर्क के आधार पर आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रखा जाता है और उसके बाद दशकों तक सुनवाई चलती रहती है, फैसला नहीं आता है। सोचे इस देश की कानून–व्यवस्था ही क्या तानाशाही, लोगों को डराने, गुलाम बनाने का तानाबाना नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट ने कभी इस पर विचार किया? बहरहाल, जेल में बंद सिसोदिया और संजय सिंह ने राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता और दलगत निष्ठा की मिसाल बनाई है। इन दोनों चीजों का भारतीय राजनीति से भयावह क्षरण है। सत्ता के साथ जुडऩा या पद की भूख हर नेता के जीवन की प्राथमिकता हो गई है। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से अपनी और अपने परिवार के दूसरे सदस्यों की रक्षा करना भी ज्यादातर नेताओं की चिंता है। इसलिए भाजपा के लिए बहुत आसान है कि वह किसी भी नेता को तोड़ ले। चार दशक तक कांग्रेस के साथ रहे नेता किसी न किसी निजी स्वार्थ या डर के कारण पार्टी बदल रहे हैं। ऐसे समय में अपेक्षाकृत युवा और राजनीति में नए आए सिसोदिया और संजय सिंह जैसे लोग यदि वैचारिक प्रतिबद्धता और निष्ठा जैसे बुनियादी मूल्यों को बचाए हुए हैं तो यह अच्छे चेहरे बचे होने की उम्मीद है।

# एक साथ चुनाव से पहले सुधार जरूरी

अजीत द्विवेदी




पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की योजना पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है और कहा जा रहा है कि जल्दी ही इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी जाएगी। इसकी मसौदा रिपोर्ट को लेकर मीडिया में जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक कमेटी 'एक देश, एक चुनाव' के नाम से संविधान में एक खंड जोडऩे की सिफारिश कर सकती है, जिसमें इस योजना से जुड़े सारे नियम और कानून शामिल होंगे।

बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी एक कॉमन मतदाता सूची के साथ सारे चुनाव एक साथ कराने की योजना पेश करेगी। इस योजना पर उठाए जा रहे सबसे गंभीर सवाल का जवाब देते हुए कहा गया है कि अगर पांच साल के कार्यकाल के बीच कोई सरकार बहुमत गंवा देती है तो समय से पहले चुनाव कराने की बजाय यूनिटी सरकार बनाई जाएगी और चुनाव समय पर ही होगा। यानी किसी हाल में विधानसभा या लोकसभा भंग नहीं होगी और एक साथ चुनाव का चक्र नहीं बिगडऩे दिया जाएगा।

ध्यान रहे पहले इस तरह के किसी कानूनी प्रावधान के बगैर ही पूरे देश में एक साथ चुनाव होते थे। लेकिन एक बार यह चक्र टूट गया तो टूटता गया क्योंकि यूनिटी सरकार बनाने जैसी किसी योजना के बारे में नहीं सोचा गया। इसमें कोई संदेह नही है कि इस तरह की कोई भी योजना लोकतंत्र के बहुत बुनियादी सिद्धांतों को चोट पहुंचाएगी।इससे दलबदल को बढ़ावा मिलेगा और खरीद फरोख्त की घटनाओं में और बढ़ोतरी होगी। अभी अलग अलग चुनाव होने पर नागरिकों के पास मौका होता है कि अगर वह केंद्र की सरकार से नाराज है तो सत्तारुढ़ दल को किसी राज्य के चुनाव में सबक सीखा दे।

लेकिन सारे चुनाव एक साथ होने और पांच साल में एक ही बार चुनाव होने से जनता के हाथ से वह मौका निकल जाएगा। लोकतंत्र का मतलब वास्तविक अर्थों में पांच साल पर एक बार वोट देना भर रह जाएगा। इसी तरह भारत जैसे विविधता वाले देश में चुनाव का राष्ट्रीय और केंद्रीकृत मुद्दा होगा, जिससे संघवाद और विविधता दोनों की धारणा प्रभावित होगी। इसलिए एक साथ चुनाव के साथ कई सैद्धांतिक व बुनियादी समस्याएं हैं, जिन पर कई बार चर्चा हुई है।हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग एक यूटोपियन विचार पर इतना समय और ऊर्जा खर्च कर रहे हैं लेकिन चुनाव के जरूरी सुधारों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एक साथ चुनाव कराने की जिद पूरी करने से पहले जरूरी है कि चुनाव सुधार किए जाएं। चुनाव की प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाने के उपाय किए जाएं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदे के कानून को असंवैधानिक बता कर खारिज कर दिया और उस पर रोक लगा दी।इसके बाद चुनाव आयोग ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगा। लेकिन उसने यह नहीं बताया कि राजनीतिक या चुनावी चंदे की क्या वैकल्पिक व्यवस्था होगी? लोकसभा के चुनाव होने हैं और कई राज्यों में विधानसभा के भी चुनाव होने वाले हैं। उनसे पहले चंदे की क्या एक वही व्यवस्था चलेगी, जिसमें पार्टियों को 20 हजार रुपए से कम का चंदा नकद मिलता है और चंदा देने वाले का नाम बताने या जानने की जरुरत नहीं होती है?गौरतलब है कि भारत में इस तरीके से ही सबसे ज्यादा चंदा दिया जाता है। पार्टियां जो बैलेंस शीट पेश करती हैं या चंदे का हिसाब देती हैं उसमें बताती हैं कि उनको मिले चंदे का ज्यादा बड़ा हिस्सा अघोषित स्रोत से मिला है। बहुजन समाज पार्टी तो कई बरसों से यही बता रही है कि इस अघोषित स्रोत के अलावा उसको किसी और स्रोत से कोई चंदा नहीं मिला है। क्या चुनाव आयोग को नहीं पता है कि अघोषित स्रोत से जो चंदा मिलने की बात उसे बताई जाती है उसका बड़ा हिस्सा काले धन का होता है? फिर क्यों चुनाव आयोग इसे रोकने या ठीक करने का उपाय नहीं कर रहा है?कितने बरसों से राजनीतिक दलों को चुनाव लडऩे के लिए सरकारी फंडिंग की बात चल रही है लेकिन वह भी कोई फुलप्रूफ योजना नहीं है। उससे किसी पार्टी के अतिरिक्त खर्च करने पर रोक नहीं लगेगी। सबको पता है कि पार्टियां चुनाव आयोग की ओर से तय की गई सीमा से कई गुना ज्यादा खर्च करती हैं। लेकिन उसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इसका नतीजा यह है कि जिन पार्टियों के पास ज्यादा पैसे हैं वो किसी न किसी तरीके से ज्यादा खर्च करते हैं और इससे चुनाव का मैदान सबके लिए बराबरी का नहीं रह जाता है। इसी तरह चुनाव आयोग कितने बरसों से आपराधिक छवि वाले नेताओं को चुनाव लडऩे से रोकने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसमे भी कामयाबी नहीं मिल है। नब्बे के दशक में बड़ी संख्या में बाहुबली किस्म के नेताओं का राजनीति में पदार्पण हुआ, जो अब मुख्यधारा के बड़े नेता बन चुके हैं। उनके बताए रास्ते पर सैकड़ों दागी नेता राजनीति में सक्रिय हैं। अपने धनबल और बाहुबल के दम पर वे अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले ज्यादा ताकतवर साबित होते हैं।

चुनाव जब से बड़ी पूंजी का खेल बन है, तब से बड़ी संख्या में करोड़पति और अरबपति इस खेल में उतरे हैं।

# कृत्रिम स्थिरता की चाहत

'एक राष्ट्र–एक चुनाव' योजना की प्रेरक सोच पर गंभीर सवाल हैं। ऐसी ही सोच के तहत दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। उससे दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों की स्वतंत्र चेतना पर जरूर ताला लग गया।

खबरों के मुताबिक 'एक राष्ट्र–एक चुनाव' योजना पर 22वां विधि आयोग अपनी सिफारिशें जल्द ही केंद्र सरकार को सौंप देगा। इस बीच आयोग ने अपनी सिफारिशों की प्रस्तुति पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में बनी उच्चस्तरीय समिति के सामने की है। इसमें दो संविधान संशोधनों की सिफारिश की गई है।

कोविंद समिति नरेंद्र मोदी सरकार की इस इच्छा पर सुझाव देने के लिए बनाई गई है कि लोकसभा, सभी राज्यों की विधानसभाओं, और पूरे देश में नगर–निकायों के चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाएं। इस बीच विधि आयोग ने जो सुझाव रखे हैं, उसके मुताबिक सभी विधानसभाओं के चुनाव दो किस्तों में इस तरह संपन्न कराए जाएंगे, जिससे 2029 में लोकसभा के साथ–साथ उन सबका चुनाव कराया जा सके। एक दूसरा संशोधन इस योजना को टिकाऊ बनाने के लिए दिया गया है।इसके तहत अगर सदन की मध्यावधि में कोई सरकार गिर जाती है, तो विकल्प के तौर पर विभिन्न दलों की 'एकता सरकार' बनाई जाएगी। अगर यह संभव नहीं हुआ, तो फिर नया चुनाव बची अवधि भर तक के लिए कराया जाएगा, ताकि एक राष्ट्र– एक चुनाव का क्रम बना रहे। इस योजना में यह समझ अंतर्निहित है कि सभी दलों की नीतियां कमोबेश एक जैसी हैं और सारी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा व्यक्तियों की महत्त्वाकांक्षाओं के बीच है।इसलिए यूनिटी गवर्नमेंट सहजता से बन जाएगी। बहरहाल, उससे कहीं ज्यादा गंभीर सवाल इस योजना की प्रेरक सोच पर है। स्पष्टतः यह सोच कृत्रिम राजनीतिक स्थिरता थोपने की है । ठीक ऐसी ही सोच के तहत 1985 में दल–बदल विरोधी कानून बनाया गया था। इस कानून से दल–बदल तो नहीं रुका, इससे सांसदों–विधायकों के स्वतंत्र राजनीतिक रुख तय करने की प्रवृत्ति पर जरूर ताला लग गया।अब जो सुझाव विधि आयोग ने दिए हैं, उनसे राजनीतिक प्रक्रिया और सरकारों को जवाबदेह बनाए रखने की विधायिका की भूमिका पर वैसा ही अंकुश लग सकता है। आज भारतीय लोकतंत्र की मूलभूत समस्या सत्तासीन लोगों और संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था का कमजोर पड़ते जाना है।

*विश्व वन्यजीव दिवस पर विशेष*

# वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव "

( प्रोफेसर (डॉ0) स्मिता बडोला, जंतु विज्ञान विभाग, पं एल एम एस कैंपस, ऋषिकेश, श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय )

( प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है, संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित यह दिन, दुनिया के जंगली जानवरों और पौधों और उनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। ) तेजी से जलवायु परिवर्तन का युग शुरू हो गया है। पिछले कई वर्षों से जलवायु परिवर्तन अंतरराष्ट्रीय एजेंडे में सबसे ऊपर रहा है। यह हमारे समय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है, और इसका प्रभाव बर्फ की चोटियो के पिघलने और समुद्र के बढ़ते स्तर से कहीं आगे तक फैला हुआ है। दुनिया पहले से ही जैव विविधता विलुप्त होने के संकट का सामना कर रही है, और जलवायु परिवर्तन से इसके बदतर होने की संभावना है। मरुस्थलीकरण, मिट्टी के क्षरण और जैव विविधता के नुकसान के साथ, यह व्यापक रूप से दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख पर्यावरणीय खतरे के रूप में पहचाना जाने लगा है। गरम हवाओ के थपेड़े, तीव्र तूफान और लंबे समय तक सूखा जैसी चरम मौसमी घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे हर साल कई लोगों की जान जा रही है और अरबों डॉलर का नुकसान हो रहा है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव पृथ्वी के हर भाग में जैव विविधता पर महसूस किया जा रहा है, जैसा कि जानवरों के मौसमी प्रवासन, भोजन और प्रजनन की घटनाओं में व्यवधान, आवास सीमाओं में परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र की कार्यक्षमता में कमी, और खाद्य श्रृंखलाओं में रुकावट। यह देखा जा रहा है कि जलवायु संबंधी परिवर्तन प्रत्याशित से कही अधिक तेज़ी से हो रहे हैं, और परिदृश्य बदतर होते जा रहे। जलवायु परिवर्तन के कारण जैव विविधता का नुकसान न केवल एक नैतिक और पर्यावरणीय चिंता है, बल्कि एक आर्थिक और मानव स्वास्थ्य मुद्दा भी है। जैव विविधता के नुकसान से भोजन, चिकित्सा और अन्य संसाधनों की उपलब्धता कम हो सकती है, साथ ही रोग संचरण और पर्यावरणीय आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। यद्यपि जलवायु परिवर्तन मीडिया और सार्वजनिक चेतना में आकर्षण प्राप्त कर रहा है, जैव विविधता के नुकसान का खतरा व्यापक रूप से समझा नहीं गया है। जलवायु और जैव विविधता संकट आपस में जुड़े हुए हैं, और उन्हें एक साथ निपटाया जाना चाहिए । जलवायु परिवर्तन के कारण वन्यजीवों को भी नए और तीव्र खतरों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी उन पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। तापमान, वर्षा पैटर्न और अन्य पर्यावरणीय कारकों में परिवर्तन कई प्रजातियों के आवास, प्रवासन पैटर्न और आबादी को प्रभावित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, वन्यजीवों को निवास स्थान के नुकसान और विखंडन से लेकर प्रजातियों के ह्रास और विलुप्त होने तक कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। तीव्र तूफान पक्षियो के घोंसले बनाने का स्थान देने वाले वाले पेड़ों को नष्ट कर सकते हैं, जानवरों को डुबो सकते हैं, आक्रमक प्रजातियों को फैला सकते हैं और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं। असामान्य गर्मी और सूखा पौधों और जानवरों पर समान रूप से दबाव डालते हैं। तेजी से, जानवरों का जीवन चक्र पौधों की वृद्धि और मौसमी परिवर्तनों के साथ तालमेल से बाहर हो रहा है। आवास का नुकसान वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण प्रभावों में से एक है। आवास के नुकसान से वन्यजीव आबादी पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं। कई प्रजातियाँ भोजन, आश्रय और प्रजनन के लिए विशिष्ट आवासों पर निर्भर करती हैं और इन आवासों में परिवर्तन इन आवश्यक गतिविधियों को बाधित कर सकता है। प्रतिष्ठित ध्रुवीय भालू की जनसंख्या में उल्लेखनीय गिरावट आ रही है, क्योंकि समुद्री बर्फ के नष्ट होने से भोजन और प्रजनन स्थलों तक इसकी पहुंच कम हो रही है। इसी तरह, मूंगा, समुद्री कछुए और मछली जैसी समुद्री प्रजातियों की आबादी में महत्वपूर्ण गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि गर्म और अधिक अम्लीय पानी उनकी वृद्धि और प्रजनन की क्षमता को बाधित कर रहा है।भविष्य के परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने के लिए अब वैज्ञानिक अनुसंधान चल रहा है और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयास किए जा रहे हैं। अतः हमें तेजी से स्वच्छ नवीकरणीय ऊर्जा विकसित करके हानिकारक उत्सर्जन को कम करना चाहिए, और संवेदनशील वन्यजीवों और आवास को नुकसान पहुंचाए बिना ऐसा करना चाहिए।

# ऑस्ट्रेलिया से न्यूजीलैंड की हार का भारत को हुआ बड़ा फायदा, टेस्ट चैंपियनशिप के टॉप पर पहुंचा

**दुबई, एजेंसी।** वेलिंगटन टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के दो पायदान नीचे खिसकने से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड चार मैचों में 36 अंकों और 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर था। आज न्यूजीलैंड ने 172 रन की भारी हार के बाद 2021 डब्ल्यूटीसी चैंपियन ने शीर्ष स्थान गंवा दिया और 60 प्रतिशत अंक के साथ नंबर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को मिली जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है और वह तालिका में 64.58 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत ने आठ टेस्ट मैचों में पांच में जीत हासिल की है और एक मैच ड्रा रहा।




ऑस्ट्रेलिया तालिका में तीसरे स्थान पर है, उसका अंक प्रतिशत 59.09 है तथा 78 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 11 टेस्ट से सात में जीत हासिल की है। तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। वहीं बंगलादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023–25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की है। पांच मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का शून्य अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है।

भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को हरा देता है तो वह टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष बरकरार रहेगा। यदि पांचवां टेस्ट ड्रॉ रहता या इंग्लैंड को जीत मिलती है तो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकते। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात मार्च को बारिश भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच का मजा किरकिरा कर सकती है। खूबसूरती के लिए पहचाने जाने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मैच सात मार्च से खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें एक–दूसरे को कड़ी टक्कर दे सकती हैं, लेकिन बारिश मैच का मजा किरकिरा कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक धर्मशाला में सात मार्च को 50 प्रतिशत से अधिक बारिश की संभावना है। अगर टॉस से ठीक पहले बारिश हुई तो मुकाबला शुरू होने में देरी हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पहले भी ऐसा कई बार हो चुका है। इतना ही नहीं, बल्कि दिन के शुरुआती घंटों में स्थितियां और खराब हो सकती हैं। उंचाई के कारण, शहर में सर्दियों के दौरान बर्फबारी होती है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल कि सात मार्च को बारिश की 50 प्रतिशत संभावना है, इसके बाद 11 मार्च तक बारिश नहीं होगी।

शुक्रवार रात और शनिवार को बारिश के चलते धर्मशाला और मकलोडगंज ठंड की चपेट में आ गया है। धौलाधार पर्वत पर हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, दिन भर आसमान पर बादल छाए रहने के चलते एचपीसीए पदाधिकारी भी चिंतित दिखे। इसके साथ मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि धर्मशाला सहित अन्य स्थानों पर सात मार्च को 50 प्रतिशत बारिश के आसार हैं, जबकि 11 मार्च तक मौसम साफ रहने की बात कही है। यह एचपीसीए के लिए राहत की बात है।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारत को फायदा, डब्ल्यूटीसी में बनी नंबर वन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को पहले टेस्ट में 172 रनों से शिकस्त दी. ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा पहुंचा है. न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद टीम इंडिया टेबल में नंबर वन पर पहुंच गई है. भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ खेल रही है.

टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ का पांचवां और आखिरी मुकाबला 07 मार्च से धर्मशाला में खेलना है, लेकिन उससे पहले ही रोहित ब्रिगेड को नंबर वन की पोज़ीशन मिल गई. न्यूज़ीलैंड को हराने वाली ऑस्ट्रेलिया 59.09 जीत प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर आ गई है, जबकि हारने वाली न्यूज़ीलैंड 60.00 प्रतिशत जीत के साथ दूसरे नंबर पर है. वहीं टीम इंडिया 64.58 जीत प्रतिशत के साथ नंबर वन पर खिसक गई है.

भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 के चक्र में अब तक 8 मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 5 में जीत दर्ज की, 2 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म करवाया है. वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूज़ीलैंड ने 5 मुकाबले खेले है, जिसमें उन्होंने 3 में जीत दर्ज की और 2 गंवाए हैं. आगे बढ़ते हुए तीसरे नंबर की ऑस्ट्रेलिया ने 11 मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 7 जीते, 3 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म करवाया. लिस्ट में आगे बढ़ते हुए बांग्लादेश 50.00 प्रतिशत जीत के साथ चौथे और पाकिस्तान 36.66 प्रतिशत जीत के साथ पांचवें नंबर पर मौजूद है.

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया लगातार तीन मैच जीत चुकी है, जिसके साथ उनके पास 4–1 की बढ़त मौजूद है. अब दोनों के बीच सीरीज़ का पांचवां और आखिरी टेस्ट धर्मशाला में होगा. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने सीरीज़ का पहला मुकाबला गंवाया था. फिर अगले तीनों ही मुकाबलों में उन्होंने जीत हासिल की.

### ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने तोड़ा रवि अश्विन का विराट रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला वेलिंगटन में हुआ, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मुश्किल पिच पर पहले खेलते हुए 383 रन का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया था. इस बीच नाथन ल्योन ने धारदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को पहली पारी में 179 रन पर रोकने में सफलता पाई. दूसरी पारी में हालांकि ऑस्ट्रेलिया 164 रन के स्कोर पर सिमट गई, लेकिन उन्होंने कीवी बल्लेबाजों के सामने 368 रनों का बड़ा लक्ष्य रख दिया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम चौथी पारी में 196 रन ही बना पाई और 172 रनों से मैच हार गई. दूसरी पारी में भी ल्योन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए. अब उनके नाम डब्ल्यूटीसी में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड जुड़ गया है.वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत 2019 में की गई थी और अभी तक 2 बार इस चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा चुका है.

### फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में हैकर की भूमिका निभाएंगी अलाया एफ

बॉलीवुड अभिनेत्री अलाया एफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं।वह इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनय करती नजर आएंगी।यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब फिल्म में अलाया के किरदार से पर्दा उठ चुका है। खबर है कि बड़े मियां छोटे मियां में अलाया पहली बार एक हैकर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने कहा, अलाया बड़े मियां छोटे मियां में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैया हैं। वह एक हैकर का किरदार निभाएंगी। यह उनकी पिछली भूमिकाओं से बहुत अलग है। फिल्म में उनका किरदार काफी अहम माना जा रहा है। अलाया का किरदार बड़े मियां छोटे मियां की एक्शन से भरपूर कहानी में दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा।बता दें, मानुषी छिल्लर भी फिल्म में हैकर के किरदार में दिखाई देंगी।अलाया ने अपने करियर की शुरुआत 2020 में आई फिल्म जवानी जानेमन के जरिए की थी।वह अब तक फ्रेडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और यू–टर्न जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।



### फिल्म क्रू के पहले गाने का टीजर जारी, नैना में किलर मूव्स दिखाती नजर आईं कृति सेनन

क्रू इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं। फिल्म में तीन अभिनेत्रियों करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की दमदार अदाकारी के साथ ग्लेमर का तडक़ा लगेगा। फिल्म का धमाकेदार टीजर फैंस को खूब पसंद आया था। वहीं अब फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्रू का पहला गाना रिलीज करने की योजना बनाई है। आज निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने का टीजर जारी किया।

फिल्म के पहले गाने का शीर्षक है नैना। इस गाने की टीजर में कृति सेनन नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कृति सेनन ने नैना गाने का टीजर रिलीज किया। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने गाने की झलक दिखाई। यह गाना 4 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। गाने के टीजर वीडियो में कृति सेनन व्हाइट ड्रेस में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं, साथ ही उन्होंने अपने कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किए।

वीडियो साझा करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, इससे ज्यादा गर्मी नहीं होती। इस नैना का क्या कहना। गाना चार मार्च को धमाल मचाने आ रहा है। फिल्म का यह गाना दिलजीत दोसांझ ने गाया है। साथ ही बादशाह ने अपना रैप ट्रैक भी जोड़ा है।

# आर्टिकल 370 ने कर ली है छप्परफाड कमाई, दुनियाभर में यामी की फिल्म

यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज 'आर्टिकल 370' बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है और इसी के साथ 'आर्टिकल 370' ने अपने पहले हफ्ते में शानदार करोबार किया है. ये फिल्म अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और अब ये घरेलू बाजार में 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश करने की तैयारी में है. चलिए यहां जानते हैं 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

कम चर्चा लेकिन अच्छी वर्ड–ऑफ–माउथ के साथ, आदित्य धर की डायरेक्शन फिल्म 'आर्टिकल 370' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला और इसी के साथ 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के सात दिनों में सॉलिड कमाई कर ली है. हालांकि इस दौरान 'आर्टिकल 370' के कलेक्शन में उतार–चढ़ाव भी देखा गया.

वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो 'आर्टिकल 370' की पहले दिन 5.9 करोड़, दूसरे दिन 7.4 करोड़, तीसरे दिन 9.6 करोड़, चौथे दिन 3.25 करोड़, पांचवे दिन 3.3 करोड़, छठे दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ 'आर्टिकल 370' का एक हफ्ते का कारोबार 35.6 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन य़ानी सेकंड फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 8वें दिन 2.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।इसके बाद 'आर्टिकल 370' का आठ दिनों का कुल कलेक्शन 38.35 करोड़ रुपये हो गया है. 'आर्टिकल 370' की वर्ल्डवाइड भी खूब तारीफ हो रही है और इसी के साथ ये फिल्म दुनियाभर में दमदार कलेक्शन कर रही है. यामी गौतम ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक हफ्ते के वर्ल्डवाइड कमाई के शुरुआती आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक 'आर्टिकल 370' ने दुनियाभर में सात दिनों में हाफ सेंचुरी लगा ली है, यानी फिल्म ने 53.02 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. वहीं अब दूसरे हफ्ते में भी फिल्म के वर्ल्डवाइड शानदार कलेक्शन करने की उम्मीद है.'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने लीड रोल प्ले किया है. फिल्म में अरुण गोविल और प्रियामणि ने भी शानदार रोल निभाया है. ये फिल्म कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने पर बेस्ड है. ये फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इसे यामी गौतम के पति आदित्य धर ने प्रोड्यूस किया है.

### फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर जारी, तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी की फिर जमी जोड़ी

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में हैं. इस बीच उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के मेकर्स ने टीजर जारी कर दिया है. विनील मैथ्यू के डायरेक्शन में बनीं फिल्म हसीन दिलरुबा को दर्शकों का काफी प्यार मिला था. फिल्म की कहानी ने सबका भरपूर एंटरटेनमेंट किया था. अब फिल्म के दूसरे पार्ट यानि फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर सामने आ गया है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे पार्ट का टीजर जारी करते हुए लिखा, रिशु और रानी की कहानी में प्यार और पागलपन, दोनों अभी बाकि है. फिर आई हसीन दिलरुबा जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है. टीजर में तापसी और विक्रांत के किरदार और भी सस्पेंस से भरे नजर आ रहे हैं. बता दें कि इस फिल्म का डायरेक्शन जयप्राद देसाई ने किया है. फिल्म के दूसरे पार्ट में और भी नए चेहरे देखने की मिलने वाले हैं.

## मंच ने स्व.चंद्रमोहन बड़थ्वाल को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अधिवक्ता जगमोहन भारद्वाज स्मृति जनसरोकार मंच ने वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमोहन बड़थ्वाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मंच कार्यालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। वे समय- समय पर गरीब लोगों की मदद भी करते थे। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में नंदलाल धनगर, सुरेंद्र लाल आर्य, मनवर सिंह, राजा रावत, मनोज कुमार, अजय सिंह, मनमोहन नेगी और गणेश रावत सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियों की खुराक

**पौड़ीः** राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पोलियो की खुराक पीने से छूटे हुए बच्चों को 4 से 9 मार्च घर-घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी। रविवार को जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर जिलेभर में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। जिला अस्पताल में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा.एसडी, सीएमएस डा.केए तिवारी, डा.पंकज जुयाल, नरेंद्र, नागेंद्र रावत, विधी भंडारी, सौरभ आदि शामिल रहे।

## सतपुली बाजार में बनाया जाएं शौचालय

**कोटद्वारः** नगर पंचायत सतपुली के प्रांतीय व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने सतपुली बाजार में शौचालय निर्माण करने, आधार केंद्र, आर्थिक रूप से कमजोर गरीब असहायों के लिए धर्मशाला निर्माण करने आदि की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेंद्र नेगी, कोषाध्यक्ष सुनील डंडरियाल आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया लक्ष्मणसिद्ध मंदिर द्वार का शिलान्यास

**देहरादून(सं)।** डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने हरींवाला वार्ड 97 में 28 लाख की लागत से बनने वाले लक्ष्मण सिद्ध मंदिर द्वार का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बालावाला प्रशांत खारोला, वार्ड 95 से निवर्तमान पार्षद रवि गुसाईं, वार्ड 97 से निवर्तमान पार्षद विनोद कुमार, वार्ड से 100 से निवर्तमान पार्षद स्वाति डोभाल व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोर्खाली सुधार सभा श्यामपुर शाखा का हुआ वार्षिक अधिवेशन

**देहरादून(सं)।** गोर्खाली सुधार सभा की श्यामपुर शाखा के वार्षिक अधिवेशन में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति पाने वालों में शुभम थापा, रुपाली शर्मा, सुहानी थापा, अनुष्का थापा, लक्ष्य थापा, सिद्धांत बोहरा शामिल थे। वहीं वैदांत गुरुंग को खेल प्रतिभा सम्मान व चकराता शाखाध्यक्ष लीला सिंह को सराहनीय कायी के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष गंगा बहादुर गुरूंग, केंद्रीय अध यक्ष पदम सिंह थापा, राजन क्षेत्री, प्रभा शाह, जेबी ठकुरी, टेक बहादुर राना, कर्ण बहादुर थापा, प्रेम बहादुर थापा, अमर बहादुर गुरूंग, श्याम सिंह, मोहन सिंह थापा उपस्थित रहे।

## बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**पौड़ी(सं)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पोलियो की खुराक पीने से छूटे हुए बच्चों को 4 से 9 मार्च घर–घर जाकर खुराक पिलाई जाएगी। रविवार को जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर जिलेभर में 0 से 5 साल के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। जिला अस्पताल में विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डा.एसडी, सीएमएस डा.केए तिवारी, डा.पंकज जुयाल, नरेंद्र, नागेंद्र रावत, विधी भंडारी, सौरभ आदि शामिल रहे।

## कंडोलिया थीम पार्क के बाहर जमा बरसाती पानी से हुई दिक्कतें

**पौड़ी(सं)।** दो दिन से हो रही बारिश से रविवार को भी आम जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। सुबह से ही रुक–रुक कर बारिश होती रही। बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है

# लाखों खर्च, फिर भी आबादी में पहुंचे रहे हाथी

### विभाग के लाख दावों के बाद भी नहीं थम रही हाथी धमक, आए दिन आबादी में पहुंचकर उत्पात मचा रहा हाथियों का झुंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** वन क्षेत्र के आसपास आबादी में जंगली जानवरों की धमक रोकने के लिए बनाई गई हाथी सुरक्षा दीवार केवल शोपीस बनकर रह गई है। हालत यह है कि हाथी सहित अन्य जंगली जानवर आए दिन सुरक्षा दीवार को लांघकर अबादी में प्रवेश कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी वन विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ऐसे में कब वन्य जीव संघर्ष हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

जंगली जानवरों को रोकने के लिए सनेह, कुंभीचौड़, रामपुर व कण्वाश्रम–ध्रुवपुर मार्ग पर लाखों की लागत से हाथी सुरक्षा दीवार बनाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यह सुरक्षा दीवार हाथियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। जगह-जगह क्षतिग्रस्त पड़ी दीवार से हाथियों का झुंड आबादी में पहुंच रहे हैं। यही नहीं बरसात के दौरान जंगल की ओर दीवार पर मिट्टी के टीले लगने से इसकी लंबाई भी कम हो गई है। रामपुर में तो हाथियों को रोकने के लिए हाथी सुरक्षा दीवार के साथ ही फेंसिंग लाइन लगाई गई थी। लेकिन, यह भी केवल शोपीस बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व रामपुर में धमके हाथी ने काश्तकार मोहन सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल चट कर दी थी। यही नहीं कई बार हाथी जंगल से सनेह मार्ग पर घूमता हुआ भी आसानी से दिख जाता है। जिससे वाहन चालकों को खतरा बना रहता है।

### स्ट्रीट लाइट मरम्मत की उठाई मांग

कुंभीचौड़ व सनेह वासियों ने जंगल के आसपास खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट मरम्मत की मांग की है। कहा कि अंधेरे के कारण आमजन को जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम को ज्ञापन दिया। बताया कि कुंभीचौड़ व सनेह क्षेत्र का अधिकांश भाग लैंसडौन वन प्रभाग से सटा हुआ है। ऐसे में मार्ग पर हर समय हाथी व अन्य जंगली जानवरों की धमक बनी रहती है। बताया कि मार्ग पर लगाई गई अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। जिससे आवाजाही करने वालों को जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द ही स्ट्रीट लाइट मरम्मत पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर सुनीता देवी, रजनी देवी, पुष्पा नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में हाथी द्वारा तोड़ी गई हाथी सुरक्षा दीवार

## 11 मार्च को व्यापार संघ द्वारा गैरसैंण में किया जायेगा प्रर्दशन

**चमोली(सं)।** सीएचसी गैरसैंण में महिला रोग, बाल रोग, सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग को लेकर नगर में प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने दी। बताया कि इस संबंध में 9 माह पूर्व यहां पहुंचे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत को डाक बंगला गैरसैंण में ज्ञापन एवं व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया था, तथा उन्होंने शीघ्र मांग पूरी होने का आश्वासन भी दिया था लेकिन आज तक इस संबंध में किसी भी चिकित्सक की अभी तक तैनाती नहीं हो पाई है। जिससे स्थानीय मरीजों एवं उनके तिमारदारों को हॉयर चिकित्सा के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

# अमरदीप सिंह रावत बने गढ़वाल जीप टैक्सी समिति के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रविवार को गढ़वाल जीप टैक्सी समिति के चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव में अमारदीप सिंह रावत ने वीरेंद्र प्रसाद को हराकर अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा बरकरार रखा। इस दौरान नवयुक्त पदाधिकारियों ने चालक व परिचालकों के हित में कार्य करने का निर्णय लिया।

मोटर नगर स्थित समिति कार्यालय में चुनाव करवाए गए। जिसमें 150 से अधिक चालक व परिचालकों ने अपने मत का प्रयोग किया। शाम के समय जारी हुए चुनाव परिणाम में अमरदीप सिंह रावत को अध्यक्ष पद पर 186 मत प्राप्त हुए। जबकि, उनके प्रतिद्वंदी वीरेंद्र प्रसाद को मात्र 89 मत ही मिले।

वहीं, उपाध्यक्ष पद पर मनोज पटवाल ने मेहरबान सिंह को 97 मतों से हराया। सचिव पद पर अभिनास सिंह रावत ने राधाबल्लभ कौठियाल को 69 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर मो. दीन मोहम्मत ने सुशील काला को 86 मतों से हराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने क्षेत्र में विजय जुलूस भी निकाला। साथ ही चालक व परिचालकों के हित में कार्य करने का भी संकल्प लिया। अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शहर में टैक्सी चालकों के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है।



जीत के बाद खुशी बनाते गढ़वाल जीप टैक्सी समिति के पदाधिकारी

## राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन कार्यक्रम तक 04 मार्च को आयोजित होगी महिला मैराथन दौड़

**चमोली(सं)।** महिला सशक्तिकरण के तहत 04 मार्च, सोमवार को राष्ट्रीय महिला शक्ति वंदन मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुलिस, पीजी कॉलेज, युवा कल्याण, होमगार्ड, खेल आदि विभागों की महिला कार्मिक प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत ने बताया कि 04 मार्च को सुबह 10 बजे दो किलोमीटर की मैराथन दौड स्पोटर्स स्टेडियम गोपेश्वर से जीरो बैंड तक एवं वापसी उसी रूट से होते हुए समापन स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि महिला शक्ति मैराथन दौड में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त दौड पूरी करने वाली पांच खिलाडियों का लॉटरी के माध्यम से चयन कर उनको भी पुरस्कृत किया जाएगा। मैराथन दौड़ में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली खिलाडियों को ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। महिला कार्मिकों को मैराथन दौड़ में प्रतिभाग करने के लिए 04 मार्च को प्रातः 9 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में अपना नाम दर्ज कराना होगा।

# तीन करोड़ 69 लाख की लगत से सनेह में बनेंगी चार पुलिया

### विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया पुलिया निर्माण का भूमि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही हैं। आगामी वर्षा काल में जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए योजनाएं बनाई जा रही है। इस दौरान उन्होंने सनेह क्षेत्र के अलगअलग स्थानों पर तीन करोड 69 लाख की लगत से बनने वाली पुलियाओं का भी भूमि पूजन भी किया।

रविवारर को सनेह क्षेत्र में भूमि-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र में तीन करोड़ 69 लाख की लागत से बनने वाली चार पुलिया का भूमि पूजन भी किया। कहा कि क्षेत्र को बाढ़ से बचाने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

अलग-अलग स्थानों पर बनने वाली इन पुलिया से क्षेत्रवासियों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। पूर्व में वर्षाकाल के दौरान क्षेत्रवासियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा था। खोह नदी के आसपास स्थित कई भवनों का हिस्सा नदी में समा गया था। लेकिन, अब सरकार आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही है।

नदियों के आसपास सुरक्षा दीवार बनाने के लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। जल्द ही धरातल पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस मौके पर बिपिन कैंथोला, संजय भंडारी, गोपाल जखमोला, हसवंत सिंह, धीरज नेगी, रेनू कोटियाल आदि मौजूद रहे।



सनेह क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भूमि–पूजन करती विस अध्यक्ष

# बरसात ने खोली निगम के दावों की पोल, पूरा शहर हुआ पानी-पानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम बनने के बाद जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम शहर में बरसात के पानी की निकासी की भी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। हालत यह है कि रविवार को बारिश के बाद शहर की सड़के तालाब में तब्दील हो गई। ऐसे में आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में में पिछले दो दिन से रूक-रूक कर बारिश हो रही है। ऐसे में रविवार तड़के हुए तेज बारिश ने पूरे शहर की सूरत बिगाड़कर रख दी। नालियां चोक होने से वर्षा का पानी सड़कों पर जमा हो गया। साथ ही पानी के साथ बहकर आई गंदगी भी सड़क पर चारों ओर फैल गई।

समस्या के कारण दोपहिया वाहनों के आवागमन में भी काफी परेशानी हो रही थी। सड़क किनारे पैदल चलने वालों पर गंदे पानी के छींटे पड़ रहे थे। सबसे बुरी स्थिति देवी रोड, सिताबपुर रोड, पुराना सिद्धबली मार्ग, आमपड़ाव सहित अन्य स्थानों पर देखने को मिली। पुराना सिद्धबली मार्ग व देवी रोड में वर्षा के दौरान घुटने-घुटने तक पानी भरा हुआ था।



कोटद्वार के पुराना सिद्धबली मार्ग में वर्षा के बाद हुआ जलभराव

## पुलिस ने किया चोरियों का खुलासा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** एक दिन पूर्व क्षेत्र की अलग–अलग दुकानों में हुई चोरियों का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि सिम्मलचौड़ निवासी दिनेश चंद्र की ओर से मामले की तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी दुकान का ताला तोड़ वहां रखी छह नोटों की माला व बीस सिगरेट के डिब्बे गायब कर दिए गए हैं। वहीं, गोविंद नगर निवासी सुधीर राजपूत ने भी पुलिस को बताया कि उनकी दुकान से दो हजार रुपये की नगदी गायब हो गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जांचने के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है।

## हाईवे पर आया बलबा, बाधित हुआ यातायात

**कोटद्वारः** बीते शनिवार की रात से हो रही बारिश से काशीपुर बुआखाल हाईवे शंकरपुर के निकट मलबा आने से कुछ देर के लिए बाधित रहा। गरज चमक के साथ कुछ हिस्सों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। भारी बारिश के चलते जेसीबी मशीन द्वारा मलबा हटाए जाने पर सुबह नौ बजे यातायात बहाल हो सका। दोपहर बाद भी रुक रुककर बारिश का सिलसिला जारी रहा।

# चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर की नारेबाजी

**नई टिहरी(सं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर में चिकित्सकों नियुक्ति की मांग को लेकर स्वास्थ्य समन्वय समिति व वरिष्ठ नागरिकों का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। रविवार को बूढ़ाकेदार व अपर केमर के जनप्रतिनिधि धरने पर बैठे। सीएचसी बेलेश्वर में चिकित्सकों व टेक्निकल स्टॉफ की मांग को लेकर बेलेश्वर में चल रहे धरने के तीसरे दिन रविवार को पूर्व जिपंस कैलाशी देवी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव मुन्नी बिष्ट, पूर्व जेष्ठ उपप्रमुख अब्बल सिंह रावत, सब्बल सिंह बिष्ट, विशेश्वर प्रसाद जोशी अनशन पर बैठे। स्वास्थ्य समन्वय समिति की अध्यक्ष ममता पंवार ने कहा कि, क्षेत्र के लोगों के अथक प्रयास व अपनी 25 नाली कृषि भूमि दान देकर अस्पताल का निर्माण करवाया। लेकिन उसका क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। डाक्टरों के अभाव में प्रसव कराने के लिए महिलाओं को देहरादून और श्रीनगर दूर जाना पड़ता है, जिस कारण रास्ते में ही कई गर्भवती महिलाओं की मौत हो जाती है।

कहा कि, कई बार आंदोलन करने के बावजूद सरकार अस्पताल में डॉक्टरों अन्य टेक्निकल स्टॉफ की नियुक्ति नहीं कर पाई। जिस कारण उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। उन्होंने मौके पर समिति के चंदन सिंह पोखरियाल, उम्मेद सिंह चौहान, कुंवर सिंह रावत, केदार सिंह रौतेला, रोशन लाल जोशी, धर्म सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## 11 मार्च को व्यापार संघ द्वारा गैरसैंण में किया जायेगा प्रर्दशन

**चमोली(सं)।** सीएचसी गैरसैंण में महिला रोग, बाल रोग, सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, फिजीशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग को लेकर नगर में प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने दी। बताया कि इस संबंध में 9 माह पूर्व यहां पहुंचे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत को डाक बंगला गैरसैंण में ज्ञापन एवं व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया था।

## मल्डसैण को कोठार मोटरमार्ग तक जोड़ने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल(सं)। डागर पट्टी संघर्ष समिति ने स्थानीय विधायक विनोद कंडारी को ज्ञापन प्रेषित कर मल्डसैंण को कोठार मोटरमार्ग तक जोड़ने की मांग की है। डागर पट्टी संघर्ष समिति के संयोजक गौरव राणा ने कहा कि मल्डसैंण से कुलेड़ी को ग्राम कोठार तक प्रस्तावित मोटरमार्ग का निर्माण कार्य लंबित पड़ा हुआ है।

# सफाई कर्मचारी मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष राजेश बने




**नई टिहरी।** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघ की बैठक में लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की सरकार से की गई। कहा कि सरकार ने यदि जल्दी नगर निकाय से लेकर अन्य विभागों में ठेका प्रथा समाप्त नहीं की, तो प्रदेशभर में बेमियादी आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश, जिला और शाखा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए न्यायोचित मांगों के निराकरण के लिए एकजुटता का आह्वान किया। पालिका सभागार में संघ के प्रदेश सचिव राकेश लवली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजेंद्र कठेरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेश राजन को जिलाध्यक्ष, सुनील कुमार डब्बू को नई टिहरी शाखाध्यक्ष, दीपक पंवार को कुमांउ मंडल का अध्यक्ष और अर्जुन को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने संगठन की मजबूती और वाल्मीकि समाज के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील राजौर ने कहा कि कर्मियों की मांगों के निराकरण को लेकर निरंतर संघर्ष किया जा रहा है। उन्होंने ललित मोहन रयाल समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की। प्रदेश महामंत्री विशाल बिराला ने कहा कि संघ लंबे समय से विभिन्न विभागों में ठेका प्रथा समाप्त करने, सफाई कर्मियों के पदों को बढ़ाने, वाल्मीकी समाज के लोगों को मालिकाना हक देने सहित अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार से लगातार संवाद किया जा रहा है। लेकिन सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिस कारण कर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने जीरो वेस्ट में अल्प मानदेय में काम कर रहे कर्मियों के मानदेय वृद्धि करने की मांग की। इस मौके पर सुधीर कुमार टॉक, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश पाल, प्रिंस लौहाट, लक्ष्मीचंद, राजेंद्र प्रसाद, चमन लाल, राकेश कुमार, राहुल कुमार, विशाल कुमार, दीपक, सतीश आदि मौजूद थे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में साक्षी डबराल रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय महाविद्यालय सतुपली में रसायन एवं जंतु विज्ञान विभाग में संयुक्त रूप से विभागीय परिषद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रसायन विभाग में आयोजित पोस्टर पेंटिंग में साक्षी डबराल पहले, मानसी भट्ट दूसरे व लबली ध्यानी तीसरे स्थान पर रहीं। मॉडल में सिमरन पहले स्थान पर रही। इस दौरान जनरल केमेस्ट्री ऑनलाइन क्विज में 40 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले छात्र–छात्राओं को ई-प्रमाण पत्र दिए गए। वहीं जंतु विज्ञान विभाग में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में साक्षी डबराल ने पहला, अर्चना दूसरे, संजना ने तीसरे स्थान पर रहीं। मॉडल में मानसी व संजना ग्रुप ने पहला, खुशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी विभाग की पोस्टर पेंटिंग में रिशिता रावत पहले, मधु गुंसाई दूसरे, मानसी व संजना असवाल ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया और अंजली को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।प्राचार्य प्रो. संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में रसायन विभाग की डॉ. हिमानी बिष्ट, जंतु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ.शूरवीर सिंह की देख रेख में सभी प्रतियोगिताओ का सफल संचालन हुआ। इस मौके पर निर्णायक डॉ.कुमार विमल लखटकिया, डॉ. विपिन चंद्र, डॉ. वीर सिंह, डॉ. हरिकृष्ण सेमवाल आदि शामिल रहे। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के साथ मिलकर पिलाया पोलियो




बच्चों को पोलियों पिलाने में मदद करते स्वयं सेवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत के एनएसएस स्वयंसेवकों ने राप्रावि धरासू और रणस्वा के पोलियो बूथों पर नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाने में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के साथ सहयोग किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य व एनएसएस के गढ़वाल मण्डल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी के दिशानिर्देशन में स्वयसेवियों की दस टीमों ने अपने-अपने गांवों में घर -घर जाकर पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के लिए अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो बूथ ले जाने के लिए अनुरोध किया। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाबजूद राप्रावि धरासू के बूथ पर आँगनबाड़ी सुपरवाइजर पूर्णिमा सुन्द्रियाल , आशा बहिन मंजू नेगी, कुसुमलता रावत , सुलेखा देवी , स्वयंसेवी आर्यन चौहान, लोकेश, विश्वजीत, रौनक, संदेश, पीयूष, कृषपाल के सहयोग से 45 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई गई। राप्रावि रणस्वा में आशा बहिन पुष्पा देवी , मीना देवी , आँगनवाड़ी कार्यकर्ती पुष्पा नेगी, अंजना देवी, एन०एस० एस० स्वयंसेवी प्रियांशु , अनुज राणा, रितेश, अनुष्का ने नौनिहालों को पालियो ड्रॉप पिलाने में सहयोग किया।

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटा सेवादल जत्था

**देहरादून(सं)।** पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवा दल का जत्था हरिद्वार से गंगाजल लेकर दून लौटा। दिगंबर दिनेश पुरी ने बताया कि गंगाजल को शिवरात्रि के पावन पर्व तक सुरक्षित रखा जाएगा। जिसका शिवरात्रि पर श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी का रुद्री पाठ के साथ महा रुद्राभिषेक किया जाएगा। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को भी पवित्र गंगाजल वितरित किया जाएगा। गंगाजल लाने वालों में राकेश मित्तल, एकलव्य अग्रवाल प्रवीन तुषार अरोड़ा शामिल थे।

## आयुष्मान में उत्कृष्ट कार्य पर नवाजा

**देहरादून(सं)।** राजधानी दून में आयुष्मान के तहत उत्कृष्ट कार्यों पर सीएमओ डॉ। संजय जैन ने बीएफ के जिला समन्वयक नितेश यादव एवं टीम को सम्मानित किया। सीएमओ ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा है। सीएमओ ने कहा कि जिले में योजना के तहत आने वाले अस्पतालों में उनके द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। वहीं जिले में विभिन्न शिविरों एवं कार्यक्रमों में आयुष्मान योजना की जागरूकता में भी सहयोग किया गया और आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## मलबा आने से कुछ देर के लिए बाधित रहा हाईवे

**पौड़ी(सं)।** बीते शनिवार की रात से हो रही बारिश से काशीपुर बुआखाल हाईवे शंकरपुर के निकट मलबा आने से कुछ देर के लिए बाधित रहा। गरज चमक के साथ कुछ हिस्सों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। भारी बारिश के चलते जेसीबी मशीन द्वारा मलबा हटाए जाने पर सुबह नौ बजे यातायात बहाल हो सका। दोपहर बाद भी रुक रुककर बारिश का सिलसिला जारी रहा।

## एनसीसी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा सम्पन्न

**चमोली(सं)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर चमोली में रविवार को एनसीसी सी सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 1 यूके बटालियन एनसीसी गोपेश्वर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर, राजकीय पॉलिटेक्निक गौचर एवम राजकीय महाविद्यालय जोशीमठ के एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। पर्यवेक्षक के रूप में 81 यूके बटालियन एनसीसी बागेश्वर के कमान अधिकारी कर्नल रवींद्र सिंह भंडारी एवम 3 यूके बटालियन एनसीसी उत्तरकाशी के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश मो, डॉ ललित तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बर्फवारी के कारण नेशनल हाईवे हनुमानचट्टी में बंद

**चमोली(सं)।** शनिवार देर शाम शुरू हुई बर्फबारी रविवार दोपहर तक जारी रही। स्कीइंग केन्द्र औली में एक बार फिर से जमकर बर्फबारी हुई। औली जीएमवीएन रिजॉर्ट के निकट 3 इंच तो 10 नम्बर टावर में एक फीट तक नई बर्फ जमी है। बर्फबारी का दीदार करने भारी संख्या में पर्यटक रविवार को औली पहुंचे।

## डॉ. राजेश का सीएम शोध परियोजना में हुआ चयन

**चमोली(सं)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में गणित विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार मौर्य का चयन मुख्यमंत्री शोध परियोजना के लिए किया गया है। इसके तहत महाविद्यालय को 10 लाख रुपये की धनराशि मिलेगी। परियोजना के तहत मिलने वाली 10 लाख की धनराशि से डॉ. मौर्य स्थानीय छात्रों की मदद से विभिन्न गणितीय समीकरणों का अध्ययन करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कुलदीप नेगी, डॉ. मुकेश नेगी, डॉ. गिरधर जोशी, डॉ. दिनेश सती, मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ. डीएस नेगी सहित अन्य प्राध्यापकों ने डॉ. मौर्य का परियोजना में चयन होने पर खुशी जताई है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को

**नई टिहरी(सं)।** आगामी 9 मार्च को सुबह 10 से 5 बजे तक नई टिहरी मुख्यालय में जिला स्तरीय न्यायालयों एवं वाहय तहसील स्तरीय न्यायलयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रकृति के वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नई टिहरी से दी।

## 13वें दिन भी धरना जारी रहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई टिहरी(सं)।** ब्लाक मुख्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विभिन्न मांगों को लेकर 13वें दिन भी धरना जारी रहा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्दी ही गौर नहीं किया गया, तो आंदोलन को उग्र किया जायेगा। रविवार को भी विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का चंबा ब्लाक में धरना–प्रदर्शन जारी रहा। इस मौके पर आंगनबाड़ी संगठन की ब्लाक अध्यक्ष पुष्पा सजवाण, शांति रमोला, बीना तड़ियाल, पूनम डोभाल, बागेश्वरी उनियाल, शोभा, प्रेमा सजवाण, रोशनी रावत, शंकुतला विष्ट, रजनी रावत, शांति रमोला, सुषमा सजवाण, बाला सकलानी, रजनी उनियाल, कमला देवी, विजय लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन तथा उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की।मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर उत्तराखण्ड आशा स्वास्थ्य कार्यकत्री यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष शिव दुबे, महामंत्री लोकेश देवी, कोषाध्यक्ष कलावती चन्दोला, जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका कर्मचारी यूनियन से चित्रकला, लक्ष्मी पन्त, रंजना गुलेरिया, मनीषा राणा तथा सुनीता रावत, उत्तराखण्ड भोजन माता कामगार यूनियन से मोनिका उपस्थित रहे।



## मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों का धरना जारी

**अल्मोड़ा(सं)।** वेतन नहीं मिलने से नाराज मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्स कर्मचारियों ने रविवार के दिन भी प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन को उग्र करने की चेतावनी दी। रविवार को भी कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध बेस अस्पताल में प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि कर्मचारी पिछले छह दिनों से कार्य बहिष्कार पर हैं, लेकिन सरकार को ओर से कर्मचारियों की जायज मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही है। कहा कि कार्यबहिष्कार से अस्पताल का काम प्रभावित हो रहा है। मरीज परेशान हो रहे हैं। मरीजों को हो रही दिक्कतों से उन्हें भी अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन सरकार ने वेतन न देकर हालात ऐसे बना दिए हैं कि उन्हें कार्यबहिष्कार करना पड़ रहा है। इसके बाद भी सरकार चुप है।

# वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं

श्रीनगर गढ़वाल(सं)। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट सोसायटी तथा हिमवाल संस्था ने पृथ्वी और मानव सामंजस्य के लिए वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचारों का अन्वेषण विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। ऑनलाइन माध्यम से हुई संगोष्ठी में वन्य जीव संरक्षण पर वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने विचार प्रस्तुत किये। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के फॉरेंसिक विभाग की सहायक निदेशक डा. अपर्णा शर्मा ने हिमाचल और उत्तराखंड के वन्यजीव विविधता और मानव वन्य जीव संघर्ष से उभरी समस्याओं के निराकरण पर व्यख्यान प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता समग्र उन्नयन फाउंडेशन पंजाब की डॉ. सुनल रोमैनद ने कहा कि आज वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं। कहा कि कई पाठ्यक्रम भी इसके लिए संचालित हो रहे हैं, जिनसे युवाओं को विशेष लाभ मिल सकता है। यूसर्क देहरादून के वैज्ञानिक डा. भवतोष शर्मा ने कहा कि उतराखंड वन्य जीव संरक्षण संवर्द्धन की दृष्टि से भारत का विशेष राज्य है, लेकिन यहां मानव और वन्य जीव संघर्ष पर रोकथाम की आवश्यकता है। संगोष्ठी में टिहरी वन प्रभाग के वन रेंज अधिकारी आशीष नौटियाल ने उतराखंड सरकार और वन विभाग के द्वारा वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में प्रयोग किए जा रहे डिजिटल उपकरणों का परिचय दिया और इसके फायदे बताये। इस मौके पर वक्ता डा. शम्भू नौटियाल, डा. कपिल पंवार और ज्योति जुयाल ने भी उतराखंड के परिपेक्ष्य में वन्यजीव की स्थिति और समस्याओं पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन हिमवाल संस्था की संस्थापक डा. दीपिका डिमरी ने किया।

## तीन करोड़ से सुधरेगी शामा–लीती मार्ग की दशा

बागेश्वर(सं)। विधानसभा क्षेत्र कपकोट की शामा–लीती–गोगिना मोटर मार्ग की दशा तीन करोड़, 14 लाख रुपये से सुधरेगी। जल्द इसके लिए विभाग निविदा कराएगा। इस राशि से मार्ग के गड्ढे पाठकर डामरीकरण व सुधारीकरण का कार्य होगा। लोग लंबे समय से इसके लिए आंदोलन कर रहे थे। विधायक सुरेश गड़िया ने बताया कि 14 किमी मार्ग में सुधारीकरण एवं डामरीकरण होगा। इसके लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत हो गई है। वर्तमान समय में मोटर मार्ग के सुधारीकारण के लिए निविदा प्रक्रिया भी आमंत्रित की जा चुकी है। जल्द ही सम्पूर्ण मोटर मार्ग को गड्ढामुक्त, डामरीकरण, सुधारीकरण का कार्य पूर्ण कर मोटर मार्ग को यातायात व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से ठीक किया जाएगा। गड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व के कपकोट विधानसभा 'सशक्त कपकोट, समृद्ध कपकोट के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# कपकोट के उच्च हिमालयी गांव बर्फ से लकदक

**बागेश्वर(सं)।** जिले में दो दिन से बारिश हो रही है। रविवार की सुबह से उच्च हिमालयी गांवों में बर्फबारी शुरू हुई, जबकि निचले क्षेत्र में लगातार बारिश है। बारिश व बर्फबारी से मार्च में जनवरी जैसी ठंड हो रही है। पांच दिन के भीतर बर्फबारी होने से किसान खुश हैं। उन्होंने बारिश व बर्फबारी को रबी की फसल के लिए बेहतर बताया है।मौसम विभाग ने रविवार को जिले में बर्फबारी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया था। शनिवार की रात से समूचे जिले में बारिश होती रही। रविवार की सुबह से ही बारिश हो रही थी। इस दौरान कपकोट के खाती, कर्मी के मजुवा टॉप कर्मी चिल्ठा, पेठी चिल्ठा, सोराग, भगदानू, धूर डोला, तीख आदि क्षेत्र में बर्फबारी शुरू हुई। दो बजे तक यह सिलसिला जारी रहा। खाती में आधा फिट तक बर्फ गिरी है। मालूम हो कि 27 फरवरी को भी क्षेत्र में बर्फबारी हुई। पांच दिन बाद फिर बर्फ गिर गई है, जबकि पूरे जाड़ों भर लोग बर्फबारी को तरसते रहे। निचले हिस्सों में दिनभर बारिश होती रही। कपकोट के उंचाई वाले क्षेत्र के अलावा पर्यटन नगरी कौसानी में तापमान माइनस शून्य पहुंच गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि कपकोट के उच्च हिमालयी क्षेत्र में बर्फबारी व निलते क्षेत्र में बारिश हुई है। बारिश व बर्फबारी से किसी तरह का नुकसान की सूचना नहीं है। प्रगतिशील किसान प्रताप सिंह गड़िया ने कहा कि यह बारिश और बर्फबारी रबी की फसल के साथ सब्जी व फल उत्पादन के लिए भी बेहतर साबित होगी। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। गेहूं, जौ तथा मसूर का दाना बढे साइज का होगा।

## पल पल बदला मौसम, बारिश के साथ बरसे ओले

**अल्मोड़ा(सं)।** जनपद में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मूड बदलता जा रहा है। शनिवार को भी जनपद में बारिश रही। वहीं रविवार को मौसम दिन भर बदलता रहा। रविवार को सुबह से शाम तक कभी धूप तो कभी बारिश का दौर जारी रहा। रविवार सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर में फिर मौसम में बदलाव हुआ और हल्की धूप आई। पल में फिर मौसम बदला और बादल गरजने और बिजली चमकने से मौसम में फिर बदलाव हुआ। दोपहर बाद तेज बारिश के साथ जमकर ओले बरसे। बारिश से मार्च में जनवरी जैसा मौसम हो गया है। ठिठुरन भी बढ़ गई है। आपदा कंट्रोल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा में 11.8 एमएम, रानीखेत में 13 एमएम, चौखुटिया 34 एमएम, सोमेश्वर 16 एमएम, भिकियासैंण 32 एमएम, जागेश्वर में 14.5 एमएम, शीतलाखेत में 13.5 एमएम, मासी में 35 एमएम, जैती में 17 एमएम वर्षा रही।

# चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा उत्तराखंड : प्रो. पांडेय

**देहरादून(सं)।** एचएनबी मेडिकल विवि के कुलपति प्रो। हेमचंद्र पांडेय ने कहा कि पांच साल के भीतर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखंड काफी आगे बढ़ा है। विवि स्तर पर सरकार के सहयोग से काफी कार्य चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी अहम कार्य किए गए। रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर कुलपति प्रो। पांडेय ने कहा कि संसाधन, एकेडमिक, फैकल्टी, उपचार के क्षेत्र में काफी कार्य किए गए। जब साल 2018 में उन्होंने कुलपति का पदभार संभाला, तब किराए के मकान में विवि चलता था। अब सेलाकुई में 18 एकड की जमीन में विवि की अपनी बिल्डिंग, स्टाफ क्वार्टर बन गए हैं। पांच दीक्षांत समारोह हुए। समय पर परीक्षा और रिजल्ट दिए गए हैं। कोरोनाकाल में वह ट्रीटमेंट कमेटी के चेयरमैन रहे और आईवरमेक्टिन का सुझाव उनकी कमेटी ने दिया। इसे बंटवाने से मृत्यु दर में कमी आई। दून मेडिकल कॉलेज में एमडी, एमएस शुरू किया गया। पूरी पारदर्शिता बरती गई, जहां कई पेपर लीक के मामले आए, विवि में ऐसा कोई मामला नहीं आया। एमबीबीएस कोर्स हिंदी में कराया गया। तीन एफआरसीपी मिली है और पीजी डिप्लोमा कोर्स शुरू किया। जल्द नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। सरकार उनसे जो कार्य लेगी, वह देने को तैयार है। बताया कि नए कुलपति डॉ। मदन लाल ब्रह्म भट्ट पांच मार्च को ज्वाइन करेंगे। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो। विजय जुयाल भी मौजूद रहे।




# मंत्री गणेश जोशी ने किया बालीगंज– चामासारी मोटर मार्ग का भूमि– पूजन

**देहरादून(सं)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा के अंतर्गत 20 साल से लंबित 7 किलोमीटर की लंबाई के बालीगंज–चामासारी मोटर मार्ग का विधिवत भूमि पूजन किया। बालीगंज–चामासारी मोटर मार्ग करीब 97. 30 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होगा। मंत्री गणेश जोशी ने कार्यदायी संस्था को 6 माह के भीतर निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मोटर मार्ग के निर्माण से बालीगंज, खेतवाला, कंपनी बाग और चामासारी के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 2012 में मसूरी विधानसभा से चुनाव लड़ा था तब उन्होंने क्षेत्र वासियों से बालीगंज–चामासारी मोटर मार्ग निर्माण कराने का वादा किया था। लेकिन इस बीच कई बाधाएं और टेक्निकल समस्या आई, लेकिन आज मांग पूरी हुई है। उन्होंने कहा शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण कर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा योजना का लोकार्पण भी किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार विकास योजना का शिलान्यास करती है और उसका लोकार्पण भी करती है।



उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं। टिहरी लोकसभा से एक बार फिर माला राज्य लक्ष्मी शाह को भाजपा ने टिकट दिया है।

पिछले चुनाव में उन्हें मसूरी विधानसभा की जनता से 21 हजार से ज्यादा मतों का सहयोग मिला था। इस बार यह आंकड़ा दो गुना होगा।

उन्होंने कहा कि 400 पार के साथ भाजपा अपने सहयोगियों दलों के साथ मैदान में है और उनको पूरा विश्वास है कि देश की जनता के आशीर्वाद से भाजपा 400 से ज्यादा सीट जीतकर केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर सरकार बनाएगी।

## टम्टा को तीसरी बार टिकट मिलने भाजपा कार्यकर्ता खुश

बागेश्वर(सं)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद अजय टम्टा को तीसरी बार टिकट मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने रविवार को मिष्ठान वितरित किया। कहा कि भाजपा ने जो कहा है वह किया है। इस बार पुनः अजय सांसद बनेंगे। जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने पहले से ही तैयारी की है। पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह समय चुनाव का है। कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन के साथ काम करेंगे। उन्हें गांवों में जाकर केंद्र की उपलब्धियां बतानी हैं। विपक्षियों से कड़ा मुकाबला करना है। इस दौरान मथुरा प्रसाद, सुरेश खेतवाल, दीपक गस्याल, प्रकाश साह, संजय साह जगाती, घनश्याम जोशी, रमेश तिवारी, किशन नगरकोटी, सुनीता टम्टा, दीपा आर्या, भावना धपोला, प्रेमा परिहार, बसंती देव, गोविंद दानू, भावना रावत, दयाल कांडपाल, मोइउद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी कैलेंडर कबाड़ी को बेचने के मामले में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर(सं)।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आम जनता को वितरित करने के लिए छापे गए 2024 के कैलेंडर कबाड़ी को बेचे जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला सूचना अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में आरोपी वाहन चालक व उसमें सवार लोगों की तलाश कर रही है। जिला सूचना अधिकारी ऊधमसिंह नगर गोविंद सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग देहरादून से उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रचार–प्रसार के लिए प्रकाशित कैलेंडर वर्ष 2024 जनसामान्य को वितरित कराने के लिए जनपदों में वाहनों से भेजे गए थे। जिनके द्वारा ऐ कैलेंडर जनसामान्य को वितरित न कर झनकट में कबाड़ी को बेचकर अमानत में खयानत की गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 407 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एडवेंचर फाउण्डेशन कोर्स के प्रशिक्षणार्थी रवाना

**अल्मोड़ा(सं)।** जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी ने बताया कि पर्यटन विभाग जनपद अल्मोड़ा द्वारा साहसिक पर्यटन योजनान्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में साहसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत एक 10 दिवसीय एडवेंचर फाउण्डेशन कोर्स का प्रारम्भ किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यकम हेतु निविदा के माध्यम से चयनित फर्म द्वारा जनपद अल्मोडा के शीतलाखेत क्षेत्र में जनपद अल्मोड़ा के कुल 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यकम में प्रतिभाग कर रहे कुल 30 प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान स्वीप के अन्तर्गत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरुकता का प्रचार–प्रसार भी किया जायेगा।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित

**अल्मोड़ा(सं)।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक पार्टी कार्यालय पाताल देवी में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजा खान ने की। संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री तस्लीम अंसारी ने किया। बैठक में जिला एवं मंडल सशक्तिकरण अभियान की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट ने कहा गरीबों के कल्याण हेतु, सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत देश में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। बैठक में जिला अध्यक्ष राजा खान, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला महामंत्री तस्लीम अंसारी, नगर अध्यक्ष मोहम्मद मुदस्सर, आदिल खान, जफर खान, जियाउल रहमान, अमन अंसारी, मुहम्मद हसीन अंसारी, अमर, दिनेश दानू, शाहिद, पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अजय टम्टा को तीसरी बार टिकट मिलने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

**अल्मोड़ा(सं)।** अल्मोड़ा लोकसभा चुनाव के लिए सांसद अजय टम्टा को टिकट देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा की पहली सूची जारी हो गई है। पहली सूची में अल्मोड़ा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को तीसरी बार टिकट देने पर पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने खुशी जताई है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा ने चौहानपाटा में मिष्ठान वितरण और आतिशबाज़ी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार फिर मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार, नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, जे पी नड्डा जिन्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मिष्ठान्न वितरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश खोलिया, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, मीना भैसोड़ा, प्रकाश भट्ट, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला मंत्री महेश बिष्ट, संजय डालाकोटी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत, अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष राजा खान, अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष चंदन लाल टम्टा, नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कपकोट के खजान ने प्रदेश में पाया प्रथम स्थान



**बागेश्वर(सं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। हिम सरयू प्राथमिक विद्यालय कपकोट के छात्र खजान पुरी ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंडित बद्रीदत्त पांडेय परिसर बागेश्वर की छात्रा भूमिका लोहनी ने द्वितीय स्थान पर रहीं।जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने जिला स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। उनका संस्कारी होना, अपनी संस्कृति से जुड़े रहना नितांत जरूरी है। गायत्री परिवार की संस्कृति ज्ञान परीक्षा अपने इसी उद्देश्य में सफल रही है। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने बच्चों से इस प्रतियोगी दौर में हमेशा सजग रहने को कहा। साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने का आहवान किया। परिवार के संरक्षक बसंती बल्लभ पांडे आचार्य जी ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बताया कि वर्तमान समय में बच्चों को अपने देश की गौरवशाली अतीत का ज्ञान होना आवश्यक है। प्राचीन भारतीय संस्कृति को जानने, समझने के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाती है। इस अवसर पर नरेंद्र खेतवाल, हीरा सिंह ऐठानी, गोविंद सिंह बाफिला, दुर्गा असवाल, दीपक परिहार, जगदीश भट्ट, प्रकाश साह, शेर सिंह ऐठानी, राधाकृष्ण जोशी, हरिमोहन ऐठानी, अमित रस्तोगी, प्रकाश पंत, आनंद मलड़ा, अमन रस्तोगी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष

## अबकी बार 400 पार का नारा होगा बुलंद: भौर्याल

**बागेश्वर(सं)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत भौर्याल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मौजूदा सांसद अजय टम्टा का टिकट फाइनल हो गया है। केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए भाजपा 400 पार का नारा साकार करना है। कार्यकर्ता शहर से लेकर गांव तक संकल्प पत्र बांटेंगे।रविवार को भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान भौर्याल ने दावा किया कि भाजपा संगठन विश्व में नंबर एक पर है। संकल्प पत्र लांच किया है। जिसे संकल्प पेटी के माध्यम से सभी स्थानों तक ले जाया जाएगा। लोग अपने सुझाव पेटी के माध्यम से प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा वह किया है। राम मंदिर और 370 भी भाजपा का संकल्प था। जिसे पूरा किया गया है। इसके अलावा भाजपा शून्य से शिखर तक पहुंची है। कार्यकर्ताओं की पार्टी है। वह लगातार मेहनत कर रहे हैं। रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई और पढ़ाई प्रधानमंत्री का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र और पेटिका लेकर जिले में वाहन पहुंच रहे हैं। बीते 28 फरवरी को देहरादून में संकल्प पत्र लांच किया गया। जिसे हर लोकसभा में लांच किया जा रहा है। छह हजार चुनाव पेटी वाहनों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है।

## भट्ट को टिकट मिलने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**रुद्रपुर(सं)।** नैनीताल–ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से अजय भट्ट को भाजपा का टिकट मिलने पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया।रविवार को भाजपा कार्यकर्ता डीडी चौक पर इकट्ठे हुए। यहां उन्होंने मिठाई बांटने के साथ ही पटाखे फोड़कर नारेबाजी की।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338